तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

10 तीन केंद्रों में हुई नीट-यूजी की परीक्षा, 1479 ...



10 गांधी विद्या मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित ...





खबर संक्षेप

### माशा केवटी के परीक्षाफल में छात्राओं का दबदबा



**दुर्गुकोंदल।** स्थानीय माध्यमिक शाला केवटी के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। आठवीं में वंदना कोला ने 92.33 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनुजा यादव 91.33 प्रतिशत लेकर द्वितीय और हेमलता यादव 88.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा सातवीं में लबली सांगड़े ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं योगिता सलाम 73 प्रतिशत के साथ दूसरे और सीमा कड़ियाम 72.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा छठवीं की प्रावीण्य सूची में शालिनी 73.6 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं, जबकि शिवानी नेताम ने 73.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और हर्षवर्धन सहारे ने 71.5 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### युवक ने जहर खा कर की खुदकुशी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत किरकेपराली निवासी पकलू राम कोमरा पिता चमार सिंह ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसका 1 मई को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। मानसिक स्थिति ठीक नही था। रात में कूलर फिट करने गया था। वापस आने पर उल्टी कर रहा था। पूछने पर बताया कि जहर पी लिया हूं। पता चलने पर इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहें तभी रास्ते में उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पेंशन समस्या पर सचिव ने रायपुर में की चर्चा

**चारामा।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 के प्रांतीय संगठन सचिव कन्हैया सिंह ठाकुर द्वारा रायपुर में कई पेंशनरो से संपर्क कर संगठन एवं उनकी समस्या के बारे में चर्चा किए। पेंशनरो में कुछ 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले का 20 प्रतिशत बढ़ोतरी पेंशन नहीं जुड़ा है,उनको जुड़वाने का प्रक्रिया बताया गया और नाम नहीं जुड़ने पर संपर्क करने को कहा गया।

# राजकीय सम्मान के साथ तीनों जवानों का हुआ अंतिम संस्कार एवं गूंजा शहीद अमर रहें के नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि, परिजनों को बंधाया ढांढस
- वीर सपूतों की शहादत से गम और गर्व के माहौल में डूबा पूरा इलाका

नक्सलियों के द्वारा छिपाए गए डंप को रिकवर करने के लिए कांकेर-नारायणपुर की सीमा में पहुँचे जवान डँप स्थल पर गन पाउडर की चपेट में आए, जिससे कांकेर जिले के तीन जवान शहीद हो गए। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर जब उनके गृह ग्रामों में लाए गए, तो अंतिम दर्शन के लिए आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। हर कोई अपने वीर सपूतों को अंतिम विदाई देने पहुंचा। इस दौरान भावुक माहौल में लोगों ने "भारत माता की जय और "शहीद अमर रहें" के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी।

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम बरेठिनबाहरा निवासी बस्तर फाइटर्स के जवान परमानंद कोर्राम का पार्थिव शरीर सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर परिसर लाया गया। यहाँ पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी दी गई। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, एडीजी नक्सल विवेकानंद सिन्हा, आईजी पी. सुंदरराज, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण कौशिक, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बसंत यादव, शहीद जवान के परिजन के अलावा पुलिस अधिकारियों, जवानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत उनके पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया। शहीद जवान के गृह ग्राम में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया ▸▸ शेष पेज 10 पर



जनप्रतनिधि व अधिकारी कंधा देते हुए



शहीद जवान को गार्ड आफ आनर देते हुए जवान



शहीद जवान परमानंद के परिजन श्रद्धांजलि देते हुए



शहीद परिवार के परिजन विलखते हुए



विधायक आशाराम नेताम शहीद के पिता को तिरंगा सौपते हुए

### भानुप्रतापपुर में शहीद जवानों को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**भानुप्रतापपुर।** शहीद हुए तीनों जवानों कृष्ण कुमार कोमरा, संजय गढ़पाले और परमानंद कोर्राम का पार्थिव शरीर रविवार को भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पहुँचा, उनके अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित रहे। शहीद जवानो का पार्थिव शरीर जैसे भानुप्रतापपुर पहुँचा, पूरा क्षेत्र शहीद अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। लोगों ने पुष्प वर्षा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों के अंतिम सफर के दौरान सम्बलपुर के मुख्य मार्ग पर भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर श्रद्धांजलि दी। नम आंखों से लोगों ने अपने वीर सपूतों को अंतिम विदाई दी। शहीदों के सम्मान में स्थानीय व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शहीदों को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।



शहीद कृष्ण कुमार को नम आँखों से दी गई अंतिम विदाई

### शहीद कृष्ण कुमार को नम आँखों से दी गई अंतिम विदाई

**दुर्गूकोदल।** शहीद कृष्ण कुमार कोमरा के गृह ग्राम लोहत्तर में पार्थिव शरीर पहुँचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस के आला अधिकारियों की उपस्थिति में शहीद को पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई, जिस तिरंगे में लिपटकर जवान आया था, उसे पूरी गरिमा के साथ अधिकारियों ने परिजनों को सौंपा। इसके पश्चात, आदिवासी परंपरा के अनुसार शहीद को मुखाग्नि दी गई। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सगे-संबंधी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



शहीद जवान के माँ व बहन श्रद्धांजलि देते हुए

**मित्रों की यादों में मिलनसार कृष्ण :** ग्राम गायता पुरुषोत्तम देहारी ने अपने मित्र को याद करते हुए कहा कि कृष्ण कुमार बेहद मिलनसार व्यक्ति थे। गाँव में हर कोई उन्हें पसंद करता था। पूरी बस्ती उनकी शादी की खुशियों का इंतजार कर रही थी, लेकिन इस दुखद घटना ने सब कुछ बदल दिया। कांकेर जिले ने कृष्ण कुमार कोमरा, संजय गड़पाले और परमानन्द कोर्राम के रूप में अपने तीन जांबाज बेटों को खोया है, जिनका बलिदान सदैव याद रखा जाएगा।

### शव को देख परिजन बिलख पड़े



विधायक सावित्री मंडावी श्रद्धांजलि देने के उपरांत परिवार के सदसयों को ढांढस बंधाते हुए

**चारामा।** हाराडुला का शहीद जवान संजय गढ़पाले का पार्थिव शरीर जब कोरर चौक पहुँचा, वहाँ पर हाराडुला के युवाओं ने श्रद्धांजलि दी और वाहन के आगे मोटर सायकल में 100 से ज्यादा युवा चल रहे थे और केवल भारत माता की जय और संजय गढ़पाले अमल रहे की गूँज ही सुनाई दे रही थी। शहीद जवान की एक झलक देखने के लिए हाराडुला और चारामा के मध्य आने वाले सभी गांव के लोग एकत्र होकर खड़े थे और श्रद्धांजलि दे रहे थे। विधायक सावित्री मंडावी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बसंत यादव, गो सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र यादव, भाजपा से रहे पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मनोज जैन एवं आसपास गांव के सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धांजलि दिए।



गाँव के युवा बाईक में शहीद जवान के अमर रहे के नारे लगाते हुए

# कोड़ेजुंगा के बायपास पर दो ट्रकों की हुई आमने-सामने भिड़ंत, चालक घायल

**कांकेर।** कांकेर जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटना ने सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोड़ेजुंगा बाईपास रोड पर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में एक चालक घायल हो गया, जबकि वाहन को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पुत्तरवाही तहसील भानुप्रतापपुर निवासी 42 वर्षीय भुनेश्वर कोरेटी ने पुलिस को बताया कि उनके स्वामित्व वाले ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1351 को चलाने के लिए उन्होंने 36 वर्षीय त्रिलोक सिंह कोरेटी को ड्राइवर के रूप में रखा हुआ है। ट्रक चालक 02 को ट्रक में राजनांदगांव से मछली



दाना लोड करके आंध्रप्रदेश के भीमावरम की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग डेढ़ बजे के आसपास जब ट्रक कोड़ेजुंगा बाईपास रोड कांकेर के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 9585 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सीधे टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ट्रक चालक त्रिलोक सिंह कोरेटी के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से अपेक्षा की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। शिकायतकर्ता ने ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 9585 के चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) , 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।




चेतावनी, सावधानी को दिखा रहे धता, नहीं है मौत का डर

# शादी के सीजन में मालवाहकों में ठूंस-ठूंसकर ढो रहे सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



शादी का मौसम आते ही खुशियों की रफ्तार सड़कों पर भी नजर आने लगती है, लेकिन यही रफ्तार कई बार लापरवाही में बदलकर जानलेवा साबित होती है। कांकेर जिला में इन दिनों मालवाहक वाहनों में सवारियों को ठूंस-ठूंसकर ढोने का खतरनाक ट्रेंड फिर से बढ़ गया है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन दिखते है, उन पर कार्रवाई भी करते है, इसके बाद भी सुधार देखने को नहीं मिलता है।

कांकेर जिले में शादी के सीजन के चलते मालवाहक वाहनों में सवारियों को ले जाने का सिलसिला तेज हो गया है। पिकअप और अन्य लोडिंग वाहनों में क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को बैठाकर खुलेआम सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस खतरनाक लापरवाही के बावजूद वाहन मालिक गंभीर नहीं है, इसके साथ ही जिम्मेदार विभाग केवल समझाइश देकर अपना कर्तव्य पूरा मान रहा है। हर साल ऐसे वाहनों के पलटन से मौत के हादसे होते रहते है। यातायात विभाग की रूटीन चेकिंग के दौरान एक पिकप को रोका गया, उसमें दो दर्जन युवा खड़े होकर शादी में जा रहे थे। यातायात ने कार्रवाई किया और समझाईश दिया, परंतु इसका प्रभाव उन पर पड़े, यह नहीं दिखता है। नियमों के अनुसार ऐसे मामलों में वाहन को जब्त कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए थी। ऐसा जब तक नहीं किया जाएगा, तब तक मालवाहक वाहन के मालिक ऐसी सवारी ढोने से बाज नहीं आएंगे। यातायात पुलिस का मानना है कि यदि ऐसे वाहनों को रोका जाएगा तो यात्रियों को परेशानी होगी, खासकर भीषण गर्मी में उन्हें वैकल्पिक साधन मिलना मुश्किल होगा। इसी मानवीय दृष्टिकोण के चलते सख्त कार्रवाई से बचा जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की ढिलाई भविष्य में बड़े हादसों को न्योता दे सकती है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो शादी की खुशियां कभी भी मातम में बदल सकती हैं। जरूरत है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़कों पर सुरक्षा कायम रह सके।

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम का गेट वाहनों की आवाजाही से हुआ क्षतिग्रस्त

**भाटापारा।** हथनीपारा स्थित हिंदू मुक्तिधाम के मुख्य द्वार पर बने लोहे के भारी भरकम गेट का पिल्हर बड़े-बड़े वाहनों की आवाजाही से क्षतिग्रस्त हो गया है जो की कभी भी गिर सकता है। जिससे होने वाले भारी दुर्घटना को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह मुक्तिधाम बाउंड्रीवॉल विगत एक साल से गिरी हुई है, जिस पर भी किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नही जा रहा है कबीरपंथियों के लिए बगल में बने मुक्तिधाम पर मुख्य द्वार के अभाव में मरे हुए मवेशियों को फेंक दिया जाता है, जिससे वहां पर आवाजाही करने वाले लोगों को बदबू और सड़ांध से परेशानी होती है। वही मुक्तिधाम में अंतिम क्रिया के कार्यक्रम में आए लोगों को सड़ाध व बदबू के कारण बाहर ही खड़ा रहना पड़ता है।

### कॉमर्स छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 85% से अधिक अंक पाने वाले हुए सम्मानित

**फरसगांव।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कक्षा 12वीं के वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में रोहन सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और जिले के टॉप-10 में भी अपनी जगह बनाई। वहीं योगेश गावड़े ने 86.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आकाश सिंह नेताम 84.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा कक्षा 10वीं के छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय की प्राचार्य आर. डी. जैकब एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशेष रूप से 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिलाधीश श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिला कार्यालय में सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों का मनोबल और उत्साह बढ़ा है।

### तेंदूपत्ता फड़ों का निरीक्षण कर सचिव ने दिए निर्देश

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की अपर मुख्य सचिव एवं वन विभाग की सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने शनिवार को केशकाल वन मंडल के विभिन्न तेंदूपत्ता फड़ों और समितियों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने चिंगनार, बड़ेडोंगर, फरसगांव और बहीगांव समितियों के फड़ों का दौरा कर तेंदूपत्ता की गुणवत्ता, संग्रहण और गड्डियों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

# तीन केंद्रों में हुई नीट-यूजी की परीक्षा, 1479 अभ्यर्थी हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 रविवार को कांकेर जिला मुख्यालय के तीन परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिले में पंजीकृत कुल 1542 परीक्षार्थियों में से 1479 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 61 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले में संचालित निःशुल्क नीट कोचिंग योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 324 विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई, जो जिले के लिए एक सकारात्मक उपलब्धि मानी जा रही है।

जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में परीक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं। वहीं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी द्वारा भी केंद्र प्रभारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। नीट परीक्षा जिले के तीन केंद्रों पीजी कॉलेज कांकेर, नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय एवं कन्या विद्यालय कांकेर में आयोजित की गई। पीजी कॉलेज में 720 में से 682 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 38 अनुपस्थित रहे। नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय में 480 में से 472 उपस्थित और 6 अनुपस्थित रहे। वहीं कन्या विद्यालय में 342 में से 325 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 17 अनुपस्थित दर्ज किए गए। कुछ विद्यार्थियों ने अन्य जिलों में आवेदन किया था, जिसके चलते वे वहां परीक्षा में सम्मिलित हुए। भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों में



बिजली, पेयजल, छाया और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। पीजी कॉलेज एवं कन्या विद्यालय में जनरेटर और इन्वर्टर की व्यवस्था रही, जबकि नरहरदेव केंद्र में इन्वर्टर उपलब्ध कराया गया। सभी केंद्रों में चार्जेबल लाइट, पंखे, कूलर तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के इंतजाम किए गए। परीक्षार्थियों और अभिभावकों के लिए पेयजल एवं टेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर, बायोमेट्रिक सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। प्रशासन द्वारा अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी गई। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

**परीक्षाफल : 10 वीं की परीक्षा 43 ने दी, 31 प्रथम श्रेणी में**

# गांधी विद्या मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों का प्रदर्शन रहा उम्दा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही**

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम कोटलभट्टी स्थित गांधी विद्या मंदिर विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम घोषणा के अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं नोडल प्राचार्य देवकरण भास्कर ने औपचारिक रूप से परीक्षा परिणाम जारी किया।



कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष कुल 43 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। प्रमुख रूप से शीतल यादव ने 88.1 प्रतिशत, खुशी यादव ने 88 प्रतिशत तथा चंचल सेन ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया एवं अन्य कक्षाओं में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा आठवीं में सुनैना यादव 90.83 प्रतिशत, तारस मरकाम 90.6 प्रतिशत एवं डायमंड पांडे 90.5 प्रतिशत ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कक्षा पांचवीं में जीविका कुंजाम 92 प्रतिशत, शिवम चंद्रवंशी 91.5 प्रतिशत तथा करिश्मा नेताम एवं पदमाक्षी 90.5 प्रतिशत ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय का समग्र परिणाम भी उल्लेखनीय रहा, जहां केजी-1 से कक्षा नवमी तक सभी कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। केजी-1 में रूद्र नागेश 89.6 प्रतिशत, केजी-2 में दिपांशी निषाद 90.6 प्रतिशत, कक्षा पहली में लक्ष्या पटेल 90.5 प्रतिशत, दूसरी में तानिया साहू एवं भाविका भंसारे 92.2 प्रतिशत, तीसरी में इंदू लेखा कोर्राम 90.4 प्रतिशत, चौथी में करूणा कश्यप 94.8 प्रतिशत, छठवीं में संदीप साहू 90.5 प्रतिशत, सातवीं में लघिमा साहू 87.4 प्रतिशत तथा नवमी में गरिमा कश्यप 91.1 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंग्रेजी माध्यम वर्गों में भी छात्र-छात्राओं ने बेहतर परिणाम दिए। केजी-1 में चंचल नाग 85 प्रतिशत तथा केजी-2 में तनुजा नेताम 91.6 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जेएस नेताम एवं राजेश मरकाम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

### फरसगांव सीएचसी एनक्यूएएस सर्टिफाइड गुणवत्ता में अव्वल

**फरसगांव।** दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की मिसाल पेश करते हुए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। कोंडागांव जिले का यह पहला सीएचसी बन गया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) असेसमेंट में सफलता हासिल कर सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय असेसरों की टीम ने दो दिनों तक अस्पताल की व्यवस्थाओं, सेवाओं और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता और प्रबंधन प्रणाली को परखा गया, जिसमें सीएचसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी मानकों पर खुद को साबित किया। इस सफलता के पीछे सीएचसी के डॉक्टरों, विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम वर्क और समर्पण की बड़ी भूमिका रही। फील्ड स्तर के स्टाफ ने भी अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ असेसमेंट की तैयारियों में अहम योगदान दिया, जिससे यह मुकाम हासिल हो सका। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ. आर. के. चतुर्वेदी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार के प्रभावी नेतृत्व ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।

# आपूर्ति से पूर्व शराब की खेप जब्त चार कोचियों को पुलिस ने दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

नरहरपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर 2 मई को थाना नरहरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगह से चचार शराब कोचियों को शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक संवलूराम नेताम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग के बैग में देशी शराब रखकर नरहरपुर से हल्बा जाने वाले पक्की रोड, बाहनापानी चौक तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना की पुष्टि हेतु प्रधान आरक्षक अपने हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और दो स्वतंत्र गवाहों को तलब कर नियमानुसार पंचनामा कार्यवाही की गई। मौके पर एक व्यक्ति मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम संतोष नेताम निवासी भानपुरी आवासपारा, चौकी हल्बा बताया। गवाहों के समक्ष उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास रखे काले बैग से 41 नग देशी शराब प्रत्येक 180 एमएल कुल 7.380 लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 3280 रुपये आंकी गई। आरोपी से शराब रखने एवं परिवहन



संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उक्त शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

इसी प्रकार नरहरपुर पुलिस ने आरोपी जामगांव निवासी 36 वर्षीय तुलसी नेताम पिता दुवार सिंह के कब्जे से 6.650 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 4 हजार 40 रूपएं को जप्त किया, धनेसरा निवासी 45 वर्षीय मनोज कोर्राम पिता संपत कोर्राम के कब्जे से 6.480 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 2 हजार 880 रूपएं को जप्त किया, बेवरती निवासी 29 वर्षीय योगेश नेताम पिता सहदेव के कब्जे से साढ़े 5 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 3 हजार 400 रूपएं को जप्त किया गया। इन सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# न बोरिंग खुदी, न टंकी बनी और पाइप बिछा दी, दो साल से पानी की प्रतीक्षा

- नल जल योजना की राऊरवाही पंचायत के आश्रित गाँव महेंद्रपुर में हकीकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल**

भीषण गर्मी में जहाँ तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है, वहीं ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित गाँव महेंद्रपुर के उइके पारा में प्यास बुझाने का सपना अधूरा पड़ा है। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल मिशन योजना यहाँ कागजों तक सिमटती नजर आ रही है। करीब दो साल पहले पूरे पारा में पाइपलाइन बिछा दी गई थी। उस समय ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब हर घर तक नल से पानी पहुंचेगा। लेकिन आज हकीकत यह है कि न तो बोरवेल खुदा और न ही पानी टंकी का निर्माण हुआ। बिना जल स्रोत के यह पाइपलाइन अब सिर्फ जमीन के नीचे पड़ी प्लास्टिक की नली बनकर रह गई है। भीषण गर्मी में हालात और भी



बदतर हो गए हैं। ग्रामीणों को रोज़ाना दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। प्यास से जूझ रहे लोगों में प्रशासन और ठेकेदार के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण नरसिंह उयके, जयपाल उयके, रामचरण उयके और सुनहेर मंडावी ने बताया कि जब पाइपलाइन डाली गई थी, तब हमें लगा था कि अब घर-घर पानी आएगा। लेकिन दो साल बाद भी हालात नहीं बदले। अब गर्मी में हमारी परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के तहत जरूरी बोर खनन और उच्च स्तरीय जलागार (टंकी) का काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ, जिससे पूरी योजना अधर में लटकी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बोरवेल खनन और पानी टंकी निर्माण का कार्य शुरू किया जाए, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### जिला बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत 28 गांवों में लगाए शिविर

कोण्डागांव। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में "बस्तर मुन्ने" कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन शुरू किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के 28 गांवों में शिविर लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर आवेदन लेकर लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत भीरागांव ब, कुम्हारपारा, सिरसिबेड़ा, मसौरा, गिरोला, सातगांव, पल्ली, सितली, चिलपुटी, पलारी, डोंगरीगुड़ा, बफना, बड़े भिरावंड, छोटे भिरावंड, छोटेबंजोड़ा, नेवता, मुलमुला, धनपुर, लेमडी, खड़का और भोगाड़ी में शिविर आयोजित हुए। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत कोगेंरा, सोनपुर, कोरहोबेड़ा, बैजनपुरी, आमागुहान, कोरगांव और रामपुर में भी शिविर लगाए गए।

# मालिक की लापरवाही से युवती पर कुत्ते ने किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

शहर के भंडारीपारा क्षेत्र में एक पालतू कुत्ते के हमले में एक युवती के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। थाना में शिकायत के बाद फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है और कुत्ते के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद से मोहल्लेवासियों में पालतू जानवरों को खुले में घुमाने को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



भंडारीपारा निवासी कु. भारती पटेल पिता स्व. राम किशोर पटेल ने पुलिस को बताया कि बीती रात 2 मई को करीब 9 बजे खाना खाने के बाद अपने भतीजे चिंटू के साथ मोहल्ले में ही स्थित अपने मामा के घर जा रही थीं। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर पड़ोस में रहने वाले सतीश पटेल अपने पालतू कुत्ते को सांकल से खोलकर लापरवाही पूर्वक घुमा रहे थे। जैसे ही मै वहां से गुजरी, कुत्ते ने अचानक उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में कुत्ता मुझ पर बुरी तरह झपट पड़ा और दाहिने हाथ, पैर, पेट और बाएं हाथ को काटकर लहूलुहान कर दिया। किसी तरह संघर्ष कर खुद को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। लहूलुहान हालत में परिजन तत्काल भारती को लेकर शासकीय अस्पताल कांकेर पहुंचे, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सतीश पटेल द्वारा कुत्ते को बिना सुरक्षा के सांकल से खोलकर सार्वजनिक स्थान पर घुमाना उनकी घोर लापरवाही को दर्शाता है, जिसके कारण यह गंभीर हादसा हुआ। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सतीश पटेल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 291 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# अगरबत्ती निर्माण का निशुल्क 12 दिवसीय प्रशिक्षण कल से



**कोण्डागांव।** जिले के युवाओं और स्व–रोजगार की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कोण्डागांव द्वारा 05 मई 2026 से 12 दिवसीय निःशुल्क घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन और प्रशिक्षण सामग्री पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, प्रशिक्षणार्थियों को एक बार आने–जाने का किराया भत्ता भी दिया जाएगा। आरसेटीआई द्वारा केवल अगरबत्ती निर्माण ही नहीं, बल्कि मोबाइल रिपेयरिंग और चार पहिया वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

**सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार बड़ेडोंगर पहुंचे सैनिक उमेश**

# सेना से लौटे वीर सपूत मांझी का भव्य स्वागत, गांव में उत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव**

- जन्मदिन भी मनाया गया हर्षोल्लास से

ब्लाक के ग्राम बड़ेडोंगर में उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया, जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर पहली बार शनिवार को अपने गृहग्राम लौटे उमेश कुमार मांझी का ग्रामीणों द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। उनके आगमन से पूरे गांव में गर्व, उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।



ग्राम के स्वागत द्वार बेलभाटा से लेकर अंधियारीकोट तक जगह-जगह ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अभिनंदन किया। मार्ग में कई स्थानों पर तिलक, पीला चावल, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने अपने गांव के वीर सपूत का जोरदार स्वागत किया। पूरे मार्ग में डीजे की धुन पर ग्रामीण नाचते-गाते नजर आए और जयघोषों के बीच स्वागत यात्रा निकाली गई, जिससे पूरा गांव देशभक्ति और उल्लास के रंग में रंगा दिखा।

विशेष बात यह रही कि उमेश कुमार मांझी का जन्मदिन भी इसी दिन था। इस अवसर पर गांव के बीच आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने केक काटकर जन्मदिन मनाया। उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

### सामाजिक एकता, देशभक्ति और ग्राम गौरव की दिखी झलक

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मांझी के भारतीय सेना में दिए गए योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। ग्रामीणों ने इसे गांव के इतिहास का यादगार पल बताते हुए कहा कि इस आयोजन में सामाजिक एकता, देशभक्ति और ग्राम गौरव की अद्भुत झलक देखने को मिली।

पेज 09 का शेष

### राजकीय सम्मान के साथ तीनों जवानों ...

जहाँ परिजनों का दुख देख हर कोई भावुक हो उठा। विधायक आशाराम नेताम शहीद जवान के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और अंत तक रहते हुए शहीद जवान के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए आश्वासन दिया कि सरकार और प्रशासन आपके पूरे परिवार के साथ है। शादी की चल रही थी तैयारी, घर का बड़ा चिराग बुझाः शहीद की माता देवकी बाई ने रुंधे गले से बताया कि कृष्ण कुमार उनका बड़ा बेटा था, जिसकी नौकरी 2011 में पुलिस विभाग में लगी थी। उन्होंने गर्व और दुख के मिश्रित भाव के साथ कहा मेरे दो बेटे और एक बेटी है। छोटा बेटा रूपेंद्र कोमरा इंडियन आर्मी में देश की सेवा कर रहा है और बड़ा बेटा पुलिस में रहकर शहीद हो गया। कृष्ण की शादी के लिए लड़की देख ली गई थी, अगले साल शादी की तैयारी थी। गस्त पर जाने वाले दिन ही उसने फोन किया था, पूछा था- माँ कैसी हो? घर में सब ठीक है न? शहीद के पिता प्यारी लाल कोमरा और पूरे परिवार के लिए यह क्षति अपूरणीय है। उनकी इकलौती बहन, जो भीरागांव में ब्याही है, वह भी भाई के अंतिम दर्शन के लिए पहुँची थी।

# एनएमएमएसई परीक्षा में 3600 छात्र-छात्राएं हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा शनिवार को जिले के सभी सात विकासखंडों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, अनुशासन तथा पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया।

अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत सामने नहीं आई, जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला स्तर पर कुल 3886 विद्यार्थियों ने परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था, जिनमें से 3600 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 286 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में सर्वाधिक पंजीयन नरहरपुर विकासखंड में 714 विद्यार्थियों का रहा, जबकि सर्वाधिक उपस्थिति भी यहीं 668 विद्यार्थियों की दर्ज की गई। वहीं दुर्गुकोंदल विकासखंड में अनुपस्थिति सबसे कम 15 विद्यार्थियों की रही।

परीक्षा के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी केंद्राध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहायता मिलती है।

## जनगणना के शुभारंभ में कलेक्टर ने मकान गणना का लिया जायजा



**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में प्रथम चरण का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जा रहा है, जो 01 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कोंडागांव नगरपालिका क्षेत्र के महात्मा गांधी वार्ड पहुंचकर मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रगणकों से चर्चा कर कार्य की प्रगति जानी और गणना प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने एचएलओ मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज की जा रही सूचनाओं का अवलोकन किया और सटीक एवं तथ्यात्मक जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसे पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।

### निधन

## कचरीबाई सुरोजिया



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर निवासी कचरीबाई सुरोजिया उम्र 80 वर्ष का बीती रात निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनसागर में किया गया, जिसमें ग्रामवासी रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। वे कन्हैया लाल सुरोजिया, मधुसूदन सुरोजिया के माताजी थी।

## मसोरा पंचायत में मजदूर दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मसोरा में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल** – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा–निर्देशानुसार यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री खिलावन राम रिंगरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

**अधिकारों के प्रति किया जागरूक** – शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों, किसानों, महिलाओं और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

**समान वेतन और सुरक्षा कानूनों की जानकारी** – प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बताया कि प्रत्येक श्रमिक को समान कार्य के लिए समान वेतन पाने का अधिकार है। साथ ही शोषण के खिलाफ कानूनी सहायता लेने की जानकारी दी गई। शिविर में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कार्यस्थल सुरक्षा, बोनस, मातृत्व लाभ, पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई।

**ई–श्रम और आयुष्मान योजना पर जोर** – श्रमिकों को ई–श्रम पोर्टल में पंजीयन के लाभ तथा आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

**महिला श्रमिकों के लिए विशेष सत्र** – महिला श्रमिकों के लिए आयोजित विशेष सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण, मातृत्व अवकाश और महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने नीट, पीईटी व जेईई की निशुल्क कोचिंग का किया शुभारंभ

**कोण्डागांव।** जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने लक्ष्य कोचिंग संस्थान, कोंडागांव में नीट, पीईटी और जेईई परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया।

**एनएमडीसी के सीएसआर मद से शुरू हुई योजना** – यह कोचिंग सुविधा एनएमडीसी के सीएसआर मद के अंतर्गत प्रारंभ की गई है, जिससे जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल सके। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पूर्व में भी कई छात्र–छात्रएं ऐसी पहल से लाभ लेकर सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

**अनुशासन और मेहनत पर दिया जोर** – उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा एकाग्रता और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी।













